मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-363
02/08/2021

# मुख्यमंत्री ने टोक्यो ओलंपिक में भारतीय महिला हॉकी टीम के सेमीफाइनल में प्रवेश करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

पटना, 02 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुये सेमीफाइनल में प्रवेश करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय महिला हॉकी टीम ने ओलंपिक में पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में प्रवेश कर देश की बेटियों ने इतिहास रच दिया है। भारत की बेटियों की इस उपलब्धि पर हम सभी को गर्व है। उन्होंने कहा है कि हम सभी की कामना है कि भारतीय महिला हॉकी टीम बेहतर प्रदर्शन कर पदक हासिल करते हुये राष्ट्र को गौरवान्वित करेगी।

******